भारत सरकार
कार्यालय आयकर आयुक्त
फैजाबाद प्रभार

फा.सं 58–59 / 142 / आ.आ. / फैजा. / तक. / 2006–2007 दिनांक – 21.09.2007

संस्था का नाम – मे0 जनता वैदिक शिक्षा एवं सेवा समिति,
मेंहदावल, संत कबीर नगर ।

## आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12AA के अन्तर्गत आदेश

मे0 जनता वैदिक शिक्षा एवं सेवा समिति, मेंहदावल, संत कबीर नगर ने आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12A (a) के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु आवेदन फार्म न. 10A में दिनांक 03.06.2007 को दाखिल किया।

आवेदन पत्र प्राप्त होने के पश्चात एक पत्र के माध्यम से संस्था को, संस्था द्वारा किये गये कार्यो, संस्था को प्राप्त आय तथा संस्था द्वारा किये गये खर्चो के संबंध में साक्ष्य सहित विवरण प्रस्तुत करने को कहा गया। पत्र के अनुपालन में तथा सुनवाई के लिये निर्धारित तिथियों पर संस्था की ओर से श्री एच0 रहमान, एडवोकेट, उपस्थित हुये। संस्था के क्रियाकलापों, किये गये कार्यो तथा संस्था के आय एवं व्यय के संबंध में इनके साथ चर्चा की गई। मामले की सुनवाई के दौरान वांछित सूचनायें प्रस्तुत की गई। मामले पर हुई चर्चा तथा सुनवाई के दौरान प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों के अवलोकन के उपरान्त मैं संस्था के क्रियाकलापों की यथार्थता के बारे में संतुष्ट हूं। अतः संस्था का आयकर अधिनियम की धारा 12A (a) के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु आवेदन स्वीकृत किया जाता है।

चूंकि संस्था द्वारा पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत नही किया गया है एवं विलम्ब से आवेदन दाखिल करने के लिए पर्याप्त कारण भी नहीं बताया गया है अतएव संस्था को दिनांक 01.04.2006 से पंजीकरण दिया जाता है।

आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12A (a) के अन्तर्गत प्रस्तुत आवेदन के लिए इस कार्यालय में प्रयुक्त रजिस्टर के क्रम 142 / 2007–08 पर आवेदन की प्रविष्टि कर ली गयी है।

This is not a document certifying the exemption of income. The claim of exemption of income is subject to verification on merits and fulfillment of condition specified in section 11 and 13 of Income Tax Act, 1961

Sd/-
( डी0 सी0 पन्त )
आयकर आयुक्त
फैजाबाद प्रभार
दिनांक – 21.09.2007

फा.सं 58–59 / 142 / आ.आ. / फैजा. / तक. / 2006–2007

1. आयकर अपर आयुक्त, गोण्डा परिक्षेत्र गोण्डा ।
2. आयकर सहायक आयुक्त, गोण्डा ।
3. मे0 जनता वैदिक शिक्षा एवं सेवा समिति, मेंहदावल, संत कबीर नगर ।

M. Prasad Shukla
( एम0 पी0 शुक्ला )